# ऐरोड़-गगास मोटर मार्ग के जीर्णोद्धार, जलापूर्ति सुधार की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** खिरखेत इंटर कालेज में आयोजित प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ऐरोड़ की विभिन्न समस्याएं शासन-प्रशासन के समक्ष रखी गई। ग्राम प्रधान ऐरोड़ खष्टी अधिकारी ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र समाधान की मांग की। प्रधान ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया कि ऐरोड़-गगास मोटर मार्ग की स्थिति अत्यंत खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पर बड़े गड्ढे और टूट-फूट के कारण कभी भी दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने मार्ग के शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग की, जिस पर विभागीय अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही।



जल संस्थान विभाग के समक्ष क्षेत्र में पेयजल संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। प्रधान ने कहा कि हर घर जल, हर घर नल योजना के अंतर्गत कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है और जलापूर्ति की समस्या लगातार बनी हुई है। इस पर विभाग ने व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। समाज कल्याण विभाग से विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन तथा किसान पेंशन के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण का आग्रह किया गया। विभागीय अधिकारियों ने गांव में शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान करने की सहमति दी। पशुपालन विभाग से मुर्गी पालन, बकरी पालन और गौ पालन जैसी योजनाओं में ग्रामीणों को अधिक सहयोग प्रदान करने तथा पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई। विभाग ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही। इसके अतिरिक्त वन विभाग से वन्य जीवों से पशुधन एवं ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की गई। कार्यक्रम में ऐरोड़ ग्राम के प्रतिनिधिमंडल में कैलाश अधिकारी, गोविंद राम, डिगर सिंह, दीपा देवी, उमेद सिंह और गंगा देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

# आईएमटी में रोजगारोन्मुखी कौशल कार्यशाला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में विगत 16 फरवरी से इम्प्लीमेंटेशन ऑफ द एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ।



संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला महिन्द्रा एंड महिन्द्रा की सीएसआर पहल महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम के अंतर्गत आयोजित की जा रही थी। कार्यशाला में संस्थान के बीबीए, बीसीए, बी.कॉम (ऑनर्स) एवं एमबीए की द्वितीय एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन सीए प्रभात दिवाकर ने छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशल के साथ-साथ जीवन कौशल, सौम्य कौशल, संचार कौशल, प्रस्तुतीकरण कौशल, साक्षात्कार कौशल, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास में वृद्धि भावनाओं का प्रबंधन और चुनौतियों का समानसंबंध निर्माण और पारस्परिक कौशल व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक दक्षता के विषय में संपूर्ण जानकारियां दी गई। एक सप्ताह तक चली इस वर्कशॉप में अंतिम दिन 36 छात्राओं को अवॉर्ड एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। डॉ. निमिषा ने बताया कि संस्थान के प्लेसमेंट विभाग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी आनंद सिंह एवं समस्त फैकल्टी का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### 19 मार्च से शुरू होगा ऐतिहासिक चैती मेला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** मां बाल सुंदरी देवी के ऐतिहासिक चैती मेला की तैयारियां प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। दुकानों, तहबाजारी, विद्युत व पार्किंग व्यवस्था के लिए सात मार्च को टेंडर खोले जाएंगे। चैती मेला 19 मार्च को देवी ध्वजारोहण के साथ शुरू हो जाएगा जबकि मां बाल सुंदरी देवी का डोला 25 मार्च की अर्द्धरात्रि चैती मंदिर पहुंचेगा और 31 मार्च की अर्द्धरात्रि डोली चैती मंदिर से पंडा आवास मोहल्ला कानूनगोयान पहुंचेगा। चैती मेलाधिकारी/एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मेला 17 अप्रैल तक चलेगा। मेला क्षेत्र में अस्थायी दुकानों, तहबाजारी, विद्युत व साउंड की व्यवस्था, झूलों-तमाशों व सर्कस के लिए तकनीकी व वित्तीय निविदा के अलावा अस्थायी टेंट व्यवस्था, मंदिर के दोनों ओर बैरिकेडिंग व्यवस्था, दोपहिया व चौपहिया वाहन पार्किंग व्यवस्था के लिए एकल विड प्रणाली निविदा 7 मार्च दोपहर एक बजे तक आमंत्रित की गई हैं। उसी दिन एसडीएम कार्यालय में दोपहर दो बजे निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जाएंगी। मेलाधिकारी ने बताया कि बीते दिन डीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर निगम, सिंचाई विभाग, पुलिस, ऊर्जा निगम, लोनिवि, उपकोषाधिकारी व सहायक विकास खंड अधिकारी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया 21 फरवरी से 6 मार्च तक निविदा प्रपत्र की बिक्री कार्यालय से की जाएगी।

### भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**काशीपुर।** इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 के अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा अर्द्धनग्न प्रदर्शन व हंगामा खड़ा करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला काशीपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का मानपुर चौक पर पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजयुमो काशीपुर जिलाध्यक्ष प्रशांत पंडित ने कहा कि मैं उन राष्ट्र विरोधी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से पूछना चाहता हूं कि क्या विदेशी मेहमानो के सामने ऐसी 'संस्कृति' का प्रदर्शन राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान का असली चेहरा है। विकास के महाकुम्भ में अराजकता फैलाना ही अब कांग्रेस का एकमात्र विजन रह गया है। इस दौरान सचिन ठाकुर, आकाश सिंह कांबोज, राहुल कश्यप, करन भारद्वाज, अनिल सैनी, मनोज सैनी, अंकित शर्मा, प्रियांशु कथूरिया आदि भारी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### टीम ने चिह्नित किया बाल श्रमिक

**काशीपुर।** बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत शुक्रवार को काशीपुर क्षेत्रांतर्गत अभियान चलाया गया, जिसमें एक बाल श्रमिक चिह्नित किया गया। अभियान के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह के साथ अपर पुलिस उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह वोहरा, कांस्टेबल गिरीश मठपाल, चाइल्ड लाइन से दीपक चन्द्रा, केस वर्कर पूनम कैड़ा तथा एनजीओ आईएसडी से संगीता गुप्ता व उवेश खान उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने देश की छवि को धूमिल किया

**अल्मोड़ा।** एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजयुमो ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। शनिवार को आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदर्शन को देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य बताया। नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी ने कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और देश की वैश्विक छवि को धूमिल करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर राष्ट्र की गरिमा के खिलाफ एक सोची-समझी साजिश की गई है। कहा कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए। यहां पुतला फूंकने वालों में मेयर अजय वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नीरज सांगा, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, मंडल अध्यक्ष लमगड़ा गौरव बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, नवीन बिष्ट, शुभम रौतेला, त्रिलोक रौतेला, राजेंद्र भंडारी, अभिषेक तिवारी, खजान पांडे, चंद्रशेखर पालीवाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छात्रसंघ ने तालाबंदी कर जताया विरोध

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर में विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्रसंघ मुखर हो गया है। शनिवार को भी आक्रोशित छात्रों ने परिसर निदेशक कार्यालय में तालाबंदी कर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द निर्माण कार्यों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। परिसर परिसर में प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि परिसर में विभिन्न समस्याओं के कारण यहां अध्यननरत छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन के माध्यम से परिसर प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। वहीं, छात्रों ने परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में अनियमितता का भी आरोप लगाया है। कहा कि निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। यहां प्रदर्शन करने वालों में छात्रसंघ महासचिव विशाल सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष विनय कनवाल, रोहित कुमल्टा, लक्ष्मी रानी, कमल जोशी, आशु रौतेला, निशांत पांडे, भास्कर गोस्वामी समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण में देरी पर भड़के ग्रामीण

**बागेश्वर।** दुगनाकुरी तहसील के अक्सौड़ा-बनलेख में स्वीकृत मोटर मार्ग के निर्माण में हो रहे विलंब और इसे निरस्त करने की कथित साजिश के खिलाफ ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा निर्माण कार्य शुरू न करने की सूरत में विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। शनिवार को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण करवाए जाने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम अक्सौड़ा- बनलेख- कलेड़ी- सलेत- झकरौड़ा- दार्सिंग-हथरसिया और श्रीराम गौशाला से आगे तक के लिए मोटर मार्ग स्वीकृत हो चुका है। मार्ग का सर्वे और पीलर बनाने का टेंडर भी हो चुका था। इसके बावजूद भू-गर्भ विभाग के कर्मचारियों ने बिना दोबारा जांच किए जगह को मोटर मार्ग के लिए अनुपयुक्त बताकर सड़क परियोजना को निरस्त करने की साजिश रची जा रही है। इस संबंध में आठ जनवरी 2026 को भी शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद प्रशासन ने विभाग से वार्ता की थी। लेकिन अब बिना ग्रामीणों को सूचित किए कार्य को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने तत्काल सड़क निर्माण की मांग की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य हेमलता, बीडीसी सदस्य सुनीता भाकुनी, अर्जुन देव, सुरेंद्र सिंह भाकुनी, नीरज भाकुनी, विमला भाकुनी मौजूद रहे।

### बागेश्वर में बाल मेले का आयोजन

**बागेश्वर।** विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में नर्सरी कक्षाओं (शिशु नगरी) के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल और विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास ने बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट और कला की सराहना की। खेतवाल ने कहा कि इस मेले से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है और पुरातन संस्कृति के साथ वैज्ञानिक कौशल का विकास होता है। वहीं, भास्कर दास ने कला और कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें गृह व्यवस्था, प्रकृति वाटिका, चिड़ियाघर, कार्यशाला, कलाशाला, रंगमंच, विज्ञान प्रयोग शाला, और चित्र पुस्तकालय शामिल थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. एएस तोपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा के महत्व पर बल दिया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य तारा सिंह रावत, प्रवीण सिंह, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस ने सात नशेड़ियों को दबोचा

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आयोजित जनसम्मेलन के दौरान मिली शिकायत कि प्रिया मॉल से लेकर चीमा चौराहे तक का क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बना है। इस पर कार्यवाही करते हुए कटोराताल के पुलिस चौकी द्वारा चीमा चौराहे से प्रिया मॉल तक नशा करने वाले सात नशेड़ियों को पकड़ कर चौकी लाया गया तथा नशेड़ियों की काउंसलिंग कर उनका 81 पुलिस एक्ट का चालान कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# यूथ कांग्रेस का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'एआई इम्पैक्ट समिट' में कथित हंगामे के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा बागेश्वर ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यूथ कांग्रेस का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया और घटना की कड़ी निंदा की। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कहा कि समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा घेरा तोड़कर हॉल के भीतर नारेबाजी की, जिससे कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हुआ। उनका कहना है कि यह घटना उस समय हुई जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की तकनीकी प्रगति और 'एआई फॉर ऑल' विजन पर चर्चा चल रही थी। जिलाध्यक्ष आदर्श कठायत ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन वैश्विक मंच पर देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास गंभीर विषय है। उन्होंने प्रशासन व केंद्र सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजयुमो ने कहा कि एआई और नई तकनीकों के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास की इस गति को बाधित करने की किसी भी कोशिश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।



प्रदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया सहित हरीश मेहरा, प्रशांत तिवारी, दीपक गस्याल, मनोज बचखेती, नरेंद्र सिंह कोरंगा, तरुण कन्याल, नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी, विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास, मोहन, संजय शाह, तिलक तिवारी, संजय जोशी, भूपेंद्र दानू, महेश दानू और सुनील कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तराखंड फार्मेसी सेवा नियमावली में संशोधन की मांग उठाई

## देवभूमि ग्रेजुएट फार्मासिस्ट एसोसिएशन की हल्द्वानी में बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि ग्रेजुएट फार्मासिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष विवेक बलूनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में फार्मासिस्टों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विवेक बलूनी ने उत्तराखंड फार्मेसी सेवा नियमावली में संशोधन की प्रमुख मांग रखते हुए कहा कि वर्तमान नियमावली में आवश्यक सुधार समय की मांग है, जिससे फार्मासिस्टों के हितों की बेहतर सुरक्षा और सेवा शर्तों में स्पष्टता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में संगठन की मजबूती, लंबित मांगों के समाधान तथा आगामी रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पंकज रौतेला, कोषाध्यक्ष प्रेम अधिकारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील भट्ट, उपसचिव प्रखर जोशी, लोकेश जोशी, मनोज मेहरा, कमलेश उप्रेती, हिमांशु कुमार, नितीश जोशी, संजय बोरा, मिथिलेश बिष्ट, प्रवीन सहित देहरादून और हल्द्वानी से आए अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्य मौजूद रहे।



## लोनिवि कर्मियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पारस्परिक स्थानांतरण समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर लोनिवि कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। शनिवार को भी कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर कार्यबहिष्कार पर रहे। चेतावनी दी कि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीय एसोसिएशन के बैनर तले निर्माण खंड के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कहा कि कर्मचारी लंबे समय से पारस्परिक स्थानांतरण की मांग कर रहे है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रहा है। जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। कहा कि पूर्व में भी कई बार समस्याओं के निराकरण को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन समस्या अब भी तस की तस बनी हुई है।

## सीएम धामी ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को भतरोंजखान पहुंचकर विधायक रानीखेत प्रमोद नैनवाल के भाई तथा ब्लॉक प्रमुख भिकियासैंण स्व. सतीश नैनवाल के पीपल पानी संस्कार में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सतीश नैनवाल सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक सक्रिय जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शोक की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. इंद्रेश कुमार का जन्मदिन मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार का जन्मदिन पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं भाजपा अलप संख्या मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में द्रोणासागर स्थित गौशाला में गौमाता को गुड़ और चारा खिलाकर मनया गया। इस मौके पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के डॉ. हसन नूरी ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच लगभग 24 साल से भारत में काम कर रहा है, जिसका मार्गदर्शन डॉ. नितेश कुमार करते हैं। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हिंदुस्तान के प्रत्येक राज्य, जिला व तहसील स्तर तक काम करते हुए हिंदू-मुस्लिम एकता का पैगाम दे रहा है। कहा कि डॉ. इंद्रेश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता पूरे भारत में राज्य, जिला व तहसील स्तर पर सद्भावना और सेवा सप्ताह मनाते हैं। इसी क्रम में हिंदुस्तान में जगह-जगह सेवा की जा रही है। काशीपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के साथ गौमाता की सेवा कर जन्मदिन मनाया गया। उन्होंने कहा कि कुराने पाक में भी एक पूरी आयत गाय के नाम पर आई है। गाय की सेवा से अल्लाह ताला खुश होता है।



# सुप्रीम कोर्ट में अनूप अग्रवाल की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 551/2023 में नामजद अभियुक्त अनूप अग्रवाल को सर्वोच्च न्यायालय से झटका लगा है। हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में दर्ज इस मामले में चल रही विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर अन्य नामजद अभियुक्तों को धारा 41(क) सीआरपीसी के तहत नोटिस तामील कराया गया था, किंतु मुख्य अभियुक्त अनूप अग्रवाल पुलिस के समक्ष प्रस्तुत न होकर लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय से अभियुक्त के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी कराया गया। इसके पश्चात भी न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने पर धारा 82 एवं 83 सीआरपीसी के अंतर्गत उद्घोषणा एवं कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई गई। उक्त कार्रवाई को चुनौती देते हुए अभियुक्त अनूप अग्रवाल द्वारा उच्च न्यायालय में उद्घोषणा निरस्तीकरण हेतु याचिका दायर की गई थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके बाद अभियुक्त की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की गई। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अतिरिक्त महाधिवक्ता गौरव भाटिया तथा एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड सुदर्शन सिंह रावत ने पक्ष रखा। न्यायालय ने प्रस्तुत तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अनूप अग्रवाल की विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश के बाद अब अभियुक्त के विरुद्ध जारी उद्घोषणा एवं कुर्की की कार्रवाई यथावत प्रभावी रहेगी।

# एसएसजे विवि में प्रथम दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि के प्रस्तावित प्रथम दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विवि प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने विवि परिसर स्थित ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विवि के अधिकारी, परिसर निदेशक, विभिन्न संकायाध्यक्ष एवं आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने ऑडिटोरियम परिसर में व्यापक साफ-सफाई, विद्युत एवं साउंड व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मंच पर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑडिटोरियम की सुरक्षा दीवार के निर्माण, रंग-रोगन, झाड़ियों की कटान एवं नालियों की सफाई कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा। इसके अतिरिक्त शिक्षा संकाय भवन में टूट-फूट की मरम्मत, विभिन्न कक्षों की नाम पट्टिकाओं को एकसमान करने तथा परिसर की समग्र सौंदर्यीकरण योजना पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह ऐतिहासिक अवसर होगा, अतः सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान दीक्षांत समारोह आयोजन समिति के संयोजक प्रो. डीके भट्ट, शोध एवं प्रसार निदेशक प्रो. जगत सिंह बिष्ट, परीक्षा नियंत्रक प्रो. पंकज कुमार साह, परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, कुलानुशासक डा. दीपक, पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुशील कुमार जोशी, प्रो. अनिल कुमार यादव, प्रो. डीपी यादव, प्रो. हरीश जोशी, प्रो. रिजवाना सिद्दीकी, प्रो. संजीव आर्या, डा. चंद्र प्रकाश फुलोरिया, डा. संदीप पांडे, डा. योगेश मैनाली सहित इंजीनियर कमलेश नेगी आदि मौजूद रहे।



रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)

Zubair Khan

Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद


इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी

अध्यक्ष अलीम खान

उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद

मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

# यूजीसी के खिलाफ उठी आवाज

## सवर्ण शक्ति संगठन सड़क पर उतरा, महारैली निकाली, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सवर्ण शक्ति संगठन उत्तराखंड के बैनर तले शनिवार को बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आये। प्रदर्शनकारी रामलीला मैदान से महारैली निकालते हुए जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और डीएम ललित मोहन रयाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में यूजीसी कानून पर पुनर्विचार की मांग की गई। इससे पहले रामल. ीला मैदान में हुई सभा में संगठन के संयोजक प्रकाश हर्बोला ने कहा कि यूजीसी की गाइडलाइन में भेदभाव है। झूठी शिकायत करने वाले के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती, जबकि जिस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत होती है उसका करियर प्रभावित हो जाता है। कानून में एससी, एसटी और ओबीसी को शामिल किया गया है, लेकिन सवर्णों




के अधिकारों की अनदेखी की गई है। हर्बोला ने आरोप लगाया कि नियम ऐसे बनाए गए है कि छात्र, शिक्षक, प्रधानाचार्य या वाइस चांसलर किसी भी गलती पर सजा भुगत सकते है, लेकिन शिकायतकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। इससे शिक्षा संस्थानों में डर का माहौल बन सकता है और न्याय की प्रक्रिया केवल एक तरफ़ा नजर आएगी। सह संयोजक भुवन भट्ट ने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल और विश्वविद्यालय संवाद और ज्ञान का केंद्र होने चाहिए, डर का नहीं। भट्ट ने मांग की कि नियमों पर पुनर्विचार किया जाए और सभी छात्रों के लिए समान शिकायत तंत्र और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। बच्चों के बीच जातिगत भेदभाव बढ़ाना सही नहीं है और सवर्ण वर्ग अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि समय है कि यूजीसी के विवादित कानून पर फिर से विचार किया जाए। इस आक्रोश महारैली में जगत सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह बिष्ट, तरूण वानखेड़े, मनोज अग्रवाल, प्रताप जोशी, योगेंद्र भट्ट, लखन निगलटिया, मदन मोहन जोशी, विपिन पांडेय, नवीन पंत, गोविन्द बगड्वाल, तेज सिंह कार्की, सीमा बत्रा, ज्योति अवस्थी, प्रताप जोशी, अनिता जोशी, काजल खत्री, बबीता जोशी, प्रभा खनका, परमजीत कौर, सुरेंद्र नरूला, अमर सिंह ऐरी, कंचन रौतेला, दरबान सिंह, अतुल गुप्ता, योगेश शर्मा, शेखर ऐरी, आरपी सिंह, मनोज अग्रवाल, हर्षवर्धन पांडे, कैलाश जोशी, प्रमोद पंत, मनोज जोशी, रवि जोशी, गौरव तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जीएल शाह को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी घनश्याम लाल शाह के आकस्मिक निधन पर हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिक. ारियों, कर्मचारियों तथा खिलाड़ियों ने खेल समाप्ति से पूर्व दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट कोच त्रिलोक सिंह जीना ने कहा कि स्व. शाह ने उत्तराखंड में खेलों की मजबूत नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शोकसभा में राजीव मेहता, रसिका सिद्दीकी, निर्मला पंत, विनोद वर्मा, त्रिलोक सिंह जीना, परमजीत सिंह सेंटी, विजय सिंह, शशि देवी, पूनम मेहता, हेमलता साह, वरुण बेलवाल, श्याम भट्ट, दीपक मेहरा, संजय गेडा, राहुल सिंह, विनय जोशी, अंकुश रौतेला, गोविंद लटवाल, किशोर पाल, उमेश रावत, अमन नबियाल, प्रवीन चोपड़ा, हेम पांडे, हर्ष गोयल, मोहन बोरा, जगदीश बोरा, नागेंद्र शर्मा, आलोक सक्सेना, मोहम्मद रेहान, संजय जोशी, निशांत मेहता, महेश फर्त्याल, महेश बिष्ट, तनुजा आर्य, काव्य मौजूद रहे।

# आम्रपाली में अभ्युदय-2026 का समापन

**दो दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 20 संस्थानों के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आम्रपाली विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग में आयोजित दो दिवसीय बीसवीं राष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी टैलेंट हंट प्रतियोगिता 'अभ्युदय-2026' का शनिवार को भव्य समापन हुआ। इस बार कार्यक्रम में आम्रपाली विश्वविद्यालय के अलावा जीआईएचएम वडोदरा, ऐमिटी विश्वविद्यालय जयपुर, आईएचएम देहरादून, क्वांटम विश्व. विद्यालय देहरादून और अन्य 20 प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रतिकुल. पति प्रो. एसके सिंह, निर्णायक मंडल और अतिथियों ने किया। अध्यक्ष सीएल ढींगरा, सीईओ डा. संजय ढींगरा और अन्य अधिकारियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। निर्णायकों में रॉयल कैरेबियन के पूर्व



शेफ जय कुमार भसीन, होटल लीला बेंगलुरु के शेफ नवीन जोशी, प्राइड होटल के नटवर सिंह समेत कई विशेषज्ञ शामिल थे। दो दिनों में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कुलिनरी, पेस्ट्री एवं कन्फेक्शनरी, बारटेंडिंग, हाउसकीपिंग स्किल, ड्रेस द केक, मास्टर शेफ मिस्ट्री बास्केट, ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ वेस्ट टू वंडरफुल और ब्रेन ट्विस्टर हॉस्पिटैलिटी क्विज जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने बंगाली, चेट्टीनाड, केरल, पंजाब, फ्रेंच, जापानी, इटैलियन और कैरिबियन व्यंजनों सहित विभिन्न कलात्मक एवं रचनात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं में आम्रपाली विवि, आईएचएम देहराद. ून, एमिटी विवि जीआईएचएम वडोदरा, बीसीआईएचएमसीटी दिल्ली समेत विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किए। प्रतियोगिता के समन्वयक सुमित जोशी ने बताया कि अभ्युदय का उद्देश्य छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कौशल का मंच प्रदान करना है।

# योनो एप डाउनलोड के नाम पर युवक से दो लाख की ठगी

**पुलिस ने अज्ञात लोगों पर दर्ज किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की योनो एप डाउनलोड कराने के नाम पर एक युवक से लाखों रूपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। इस मामले में पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं रेंज में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कमलुवागांजा साईपुरम निवासी गौरव ने पुलिस साइबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका खाता एसबीआई शाखा कुसुमखेड़ा में है। कुछ दिन पूर्व उन्होंने प्ले स्टोर से एसबीआई की योनो एप डाउनलोड करने का प्रयास किया, जो सफल नहीं हो सका। जिसके बाद अगले दिन उनके मोबाइल नंबर पर एक संदिग्ध लिंक भेजा गया। लिंक खोलते ही वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गए, जिसमें कई अज्ञात नंबर शामिल थे।

ग्रुप में साझा किए गए लिंक पर क्लिक करने पर वह प्ले स्टोर जैसी दिखने वाली फर्जी योनो एप पर पहुंच गए। वहां 'अपडेट' के नाम पर उनसे बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी भरवाई गई। जिसके बाद जानकारी दर्ज करते ही उनके मोबाइल पर ओटीपी आने लगे और उसी दिन खाते से 50 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। इसके बाद 42,575.87 रुपये और 89,710.77 रुपये समेत कुल 1,87,286.64 रुपये इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अज्ञात खातों में भेज दिए गए। पीड़ित ने तहरीर में आरोप लगाया कि साइबर अपराधियों ने हूबहू एप और फर्जी लिंक के जरिए उनका डाटा हासिल कर इंटरनेट बैंकिंग सक्रिय कर दी और रकम पार कर दी। उन्होंने संबंधित मोबाइल नंबरों की जांच कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़कों पर गड्डे, प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने शहर की गलियों में खुदी हुई सड़कों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि जनता



को सड़कों के कारण किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग समयबद्ध तरीके से समन्वय बनाकर काम करें। शनिवार को उन्होंने युयुएसडीए, पीडब्ल्यूडी, यूपीसीएल, सिंचाई और जल संस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सभी खस्ताहाल सड़कों को तत्काल रिस्टोर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर विभाग अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण की पहचान करें और उसे चिन्हित कर समाधान करें। उन्होंने खुदी हुई सभी सड़कों को तुरंत सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। हर 15 दिन में कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जनता को सड़कों की वजह से कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि सड़क मरम्मत और अतिक्रमण हटाने में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। शहर को साफ-सुथरा, सुगम और सुरक्षित शहर बनाने के लिए सभी विभागों को जवाबदेह बनकर काम करना होगा। सड़क सुधार और सुरक्षा के साथ-साथ जनता की सुविधा को भी प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजना बनाकर काम करें ताकि गलियों में खुदाई और मरम्मत के दौरान आम लोगों को परेशानी न हो।

# एसआईआर: आगामी माह में शुरू होगी प्रक्रिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियों को लेकर मेडिकल कालेज सभागार में शनिवार को सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी कार्मिकों के साथ बैठक कर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी माह में प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया प्रारम्भ होगी, इसलिए अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन कार्य में कोई भी लाप. रवाही न करें। सभी के समन्वय के साथ कार्य कर एसआईआर की प्रक्रिया को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि आगामी एसआईआर की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में बीएलओ द्वारा आउटरीच अभियान के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है। जनपद नैनीताल में मैपिंग 80 प्रतिशत है, उसे 28 फरवरी 2026 तक शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। जनपद में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बीएलए के साथ ही ईआरओ एवं एईआरओ को साप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाए तथा इसकी मानिटरिंग संबंधित एआरओ करे। उन्होंने विधानसभा लालकुआं, हल्द्वानी एवं कालाढूंगी में मैपिंग कार्य का प्रतिशत कम होने पर संबंधितों से जानकारी ली। सहायक मुख्य निर्वाचन



अधिकारी ने कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी व्यक्ति का फार्म रद्द करने से पूर्व संबंधित व्यक्ति को एक मौका कमियां पूर्ण करने का अवश्य दें तथा उक्त व्यक्ति को दूरभाष से भी सूचित करें ताकि कोई पात्र व्यक्ति नाम मतदाता सूची से न कट पाये। उपजिला निवार्चन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने बताया कि जनपद में आगामी एसआईआर से संबंधित 80 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है, आगामी माह 28 फरवरी तक 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, विपिन पंत, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचडी पाण्डे के साथ ही निर्वाचन से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भवानीपुर खुल्बे पीरूमदारा स्थित रूट्स ग्लोबल स्कूल परिसर में शनिवार को शैमरॉक अर्ली बड्स के साथ संयुक्त रूप से द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा




और अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी, ग्राम प्रधान विक्रम सिंह नेगी एवं राजेंद्र सिंह गुसाईं द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया गया। मार्च पास्ट में छात्रों ने आकर्षक प्रस्तुति देते हुए अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों को विभिन्न सदनों में विभाजित कर शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की गई। खेलों में 50 मीटर, 80 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ सहित अन्य एथलेटिक स्पर्धाएं प्रमुख आकर्षण रहीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय की निदेशक निधि लिंगवाल, मनीष लिंगवाल, प्रधानाचार्या रुचि मनराल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जनहित के मद्दे को प्राथमिकता दें अधिकारी: सुमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधायक सुमित हृदयेश ने शनिवार को अपने आवास पर यूयूएसडीए के निदेशक कुलदीप सिंह के साथ बैठक कर हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के नव संलग्न वार्डो की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में वार्ड संख्या 34, 35, 36, 37, 48, 49 एवं 50 के बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान क्षेत्रवासियों ने अपने-अपने वार्डो से संबंधित विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें अधूरे पड़े विकास कार्य, पेयजल एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी, जल निकासी व्यवस्था की दिक्कतें, स्ट्रीट लाइट, सीवर व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल रही। स्थानीय लोगों ने दैनिक जीवन में आ रही कठिनाइयों को विस्तारपूर्वक विधायक एवं अधिकारियों के समक्ष रखा। विधायक सुमित हृदयेश ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने यूयूएसडीए के निदेशक कुलदीप सिंह से कहा कि लंबित एवं अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र गति प्रदान की जाए तथा प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डो का संतुलित और समुचित



विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र की जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान महेशानन्द, शंकर लाल, ऋशु, जगदीश भारती, खीमानन्द पांडे, लक्ष्मीकान्त, संजू उप्रेती, मन्नू गोस्वामी, बच्ची सिंह बोरा, महेन्द्र सिंह, जीवन गिरी गोस्वामी, एनबी गुणवन्त, नवीन पांडेय, विनोद दानी, मुकुल बल्यूटिया, वीर सिंह बिष्ट, राजू पाण्डे, बसंत बल्लभ जोशी, दीपक जोशी, एलएस अधिकारी, नरेन्द्र मठपाल, मोहन पाण्डे, दीप जोशी, विनोद दानी, हेम पाण्डे, मोहित सुयाल, लाल सिंह पवार, संजय जोशी आदि मौजूद रहे।

# मानस का भारतीय रक्षा सेवा में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र मानस तिवारी का चयन भारतीय रक्षा सेवा के लिए ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) चेन्नई में हुआ है। उनका चयन एसएससी एमटी-123 भोपाल के अक्टूबर 2025 बैच के लिए हुआ है। मानस तिवारी ने इतिहास विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि एमबीपीजी कॉलेज से प्राप्त की है। जबकि वह पिथौरागढ़ के ग्राम भैरी के रहने वाले है। उनके पिता हरिश्चंद्र तिवारी व्यवसाई हैं तथा माता गीता तिवारी आंचल डेयरी पिथौरागढ़ में सुप. रवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने मानस तिवारी को इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय



है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के छात्र भारतीय रक्षा सेवा में सम्मिलित होकर न केवल अपने परिवार बल्कि संस्थान का नाम भी गौरवान्वित कर रहे हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष डा. सुरेश टम्टा व इतिहास विभाग की प्राध्यापक डा. ज्योति टम्टा ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानस तिवारी की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। इसके अतिरिक्त इतिहास विभाग के डा. राजेश कुमार, डा. विमला देवी, डा. महिपाल कुटियाल, डा. दिनेश कुमार, डा. देवेश गार्ब्याल, डा. बीआर पंत, डा. नवल लोहानी ने भी मानस तिवारी को बधाई दीं।

# राम राज ने जीता सीनियर लीग का खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के द्वारा आयोजित सीनियरस मैंन्स जिला क्रिकेट लीग का शनिवार को फाइनल मुकाबला एमएस मैदान गौलापार में आर वन क्रिकेट क्लब तथा रामराज क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। जिसमे राम राज क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। रामराज क्रिकेट क्लब अपने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 312 रन बनाए। रामराज की तरफ से गोल्डी मलिक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 104 नाबाद रनों की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर वन क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 31 ओवर में 107 रनों पर आलआउट हो गई, और फाइनल मुकाबले में रामराज क्रिकेट क्लब की



टीम ने 205 रनों के बड़े अंतर से मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबला में गोल्डी मलिक को मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार दिया गया। जबकि मैन ऑफ-द सीरीज बागनाथ क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजी अभिषेक दफौटी, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर योगेश काण्डपाल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रोहित, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक कमलेश रावत, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आर वन क्रिकेट क्लब के अरुण के नाम रहा। क्रिकेट एसोसिएशन अफ़ बागेश्वर ने पूर्व क्रिकेटर जगदीश परिहार को उनके क्रिकेट में अभूतपूर्व योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंन्द्र सिंह कोश्यारी तथा क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष दीपक मेहरा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर कमल पपनै, सचिन बेलवाल, भूपेन्द्र कनौजिया, किशन अनेरिया, सुरेश सोनियाल, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के अध्यक्ष राम पाण्डेय, सचिव रमेश दानू, उपाध्यक्ष रमेश लो. हनी, नीरज सिंह डसीला, दरवान सिंह, बाबी संभल, सोनू आर्या, लाखन मेहता, कमल मौजूद रहे।

## उत्थान मंच में महिला होली प्रतियोगिता 25 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच ने अपने मंच परिसर में इस साल कुमाऊंनी होली महोत्सव का भव्य आयोजन करने की घोषणा की है। इस महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता इस बार महिलाओं की होली प्रतियोगिता होगी, जो 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे शुरू होगी। शनिवार को मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा को उजागर करने और पारंपरिक कुमाऊंनी रंगों को जीवंत बनाए रखने के लिए किया जा रहा है। महिला होली गायन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को 24 फरवरी तक प्रविष्टि जमा करनी होगी। बगड़वाल ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक टीम में अधिकतम 10 प्रतिभागियों को ही अनुमति दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का अंतिम निर्णय सर्वमान्य होगा। 27 फरवरी को चीर बंधन और ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 2 मार्च को हालिका दहन का आयोजन होगा। उन्होंने आम जनता कलाकारों और बच्चों से आग्रह किया कि वे इस रंगीन महोत्सव में भाग लेकर पारंपरिक उत्सव को और भी जीवंत बनाएं। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच का यह महोत्सव न केवल कुमाऊंनी लोक संस्कृति को संरक्षित करने का प्रयास है।

### सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौला गेट व स्कूल बंद होने के बाद ही नहर खुदाई का काम किए जाने की मांग को लेकर गौला खनन मजदूर सघर्ष समिति ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। गौला खनन मजदूर सघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने दिए गए ज्ञापन में कहा कि सेंट तेरे. सा से हाईडिल गेट तक नहर खुदाई का काम किया जा रहा है। खुदाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी सड़क किनारे एकत्र हो रही है। जिससे आए दिन दोनो तरफ जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो रही है। इसके साथ ही स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि खुदाई का काम गौला गेट व स्कूल बंद होने के बाद किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राजेन्द्र सिंह बिष्ट, पूरन थापा, राजेश बिष्ट, मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

# भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की युवा इकाई के कथित प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट के निर्देशानुसार दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कालाढूंगी चौराहे पर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। इस दौरान भाजयुमों के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी गौरव जोशी ने कहा कि एक ओर देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एआई समिट जैसे वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्वभर से भारत की सराहना हो रही है, वहीं कांग्रेस द्वारा इस प्रकार का अराजक और अशोभनीय प्रदर्शन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रतिष्ठित मंच था, जहां वैश्विक प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और शीर्ष निवेशक भारत की प्रगति, विकास और संभावनाओं को देखने के लिए लोग मौजूद थे। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर इस प्रकार का कृत्य लो. कतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध और राष्ट्र की छवि को धूमिल करने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने एक बार फिर राष्ट्र का अपमान करने का कार्य किया है। पुतला दहन करने वालों में उदित पंत, विशु शर्मा, उदित चौधरी, हर्ष राजौर, तनिष्क शर्मा, ध्रुव दरम्वाल, रक्षित तिवारी, विमल कांडपाल, कमल रावत, भरत वल्दिया, शैलेन्द्र मिश्रा, गौरव सम्मल आदि थे।

# नफरत की प्रयोगशाला बना उत्तराखंड

**भाकपा माले के राज्य सचिव मैखुरी ने सरकार पर बोला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले के राज्य सचिव इन्द्रेश मैखुरी ने शनिवार को एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड एवं देश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्य और केंद्र सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड का उल्लेख करते हुए कहा कि न्याय का संघर्ष अभी लंबा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा एक असंबद्ध शिकायतकर्ता की शिकायत पर सीबीआई जांच की संस्तुति करना तथा पीड़िता के माता-पिता को प्रक्रिया से बाहर रखना संदेह पैदा करता है। उन्होंने मांग की कि जांच का आधार पीड़िता के माता-पिता द्वारा मुख्यमंत्री को दिया गया पत्र हो तथा जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में कराई जाए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी चन्द्र सिंह गढ़वाली का उल्लेख करते हुए कहा कि सौहार्दपूर्ण राज्य को नफरत की प्रयोगशाला में बदलने की कोशिश



निंदनीय है। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने देहरादून, हरिद्वार और हल्द्वानी सहित विभिन्न स्थानों पर हुई आपराधिक घटनाओं को चिंताजनक बताते हुए कहा कि इंटेलिजेंस तंत्र प्रभावी ढंग से काम नहीं कर रहा है। अपराध रोकने के लिए ठोस कदम उठाने और राजनीतिक संरक्षण समाप्त करने की मांग की गई। उन्होंने बिंदुखत्ता, बागजाला, पुछड़ी और ऋषिकेश के बापू ग्राम जैसे क्षेत्रें में भूमि के मालिकाना हक की मांग उठाई। उन्होंने लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग से जनता के साथ छल किया जा रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों में समता और भेदभावमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित यूजीसी विनियमों का समर्थन किया और कहा कि भेदभाव व उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि चिंताजनक है। पत्रकार वार्ता में भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय, राज्य कमेटी सदस्य केके बोरा, आक. श भारती मौजूद रहे।

### वेटेनर्स फुटबाल क्लब की नई कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वेटेनर्स फुटबाल क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ियों की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम बीते वर्ष का आय-व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इसके उपरांत नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से चेतन बल्यूटिया को संरक्षक, भूपाल सिंह बिष्ट को अध्यक्ष, मनोज जोशी को उपाध्यक्ष, अजय कृष्ण गोयल को महासचिव, राजेंद्र सिंह मेहरा को सचिव, कृष्ण कुमार परगांई को कोषाध्यक्ष, पवन गुप्ता 'डब्बू' को मीडिया प्रभारी तथा केसी भट्ट को व्यवस्थापक चुना गया। विशेष सदस्यों के रूप में मनोज पाठक, मुकेश पंत, मोहम्मद तारिक सिद्दकी, रमेश चंद्र जोशी, अनिल साह, विमलकांत शर्मा, अनूप ठठोला एवं श्याम सिंह का चयन किया गया।

# होली पर चलेगी भारतीय रेल की विशेष साप्ताहिक ट्रेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए भारतीय रेल प्रशासन ने 09075/09076 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन कुल 5 फेरों के लिए चलाई जाएगी। शनिवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि 09075 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 फरवरी तथा 4, 11, 18 एवं 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से प्रस्थान करेगी। वापसी में 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी 26 फरवरी तथा 5, 12, 19 एवं 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। उन्होंने बताया 09075 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम ट्रेन बुधवार को मुम्बई सेंट्रल से 10 बजकर 55 मिनट पर प्रस्थान कर बोरीवली, वापी, बलसाड़, सूरत, बड़ोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा होते हुए दूसरे दिन कोटा, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, भरतपुर, मथुरा जंक्शन, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूँ, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ और हल्द्वानी से होकर ढाई बजे बजे काठगोदाम पहुंचेगी। जबकि 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेंट्रल वापसी में ट्रेन गुरुवार को काठगोदाम से साढ़े 5 बजे प्रस्थान कर हल्द्वानी, लाल. कुआँ, किच्छा, बहेड़ी, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी होते हुए दूसरे दिन मथुरा जंक्शन, भरतपुर, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी, कोटा, नागदा, रतलाम, गोधरा, बड़ोदरा, सूरत, बलसाड़, वापी और बोरीवली के रास्ते 9 बजे बजे मुम्बई सेंट्रल पहुंचेगी। श्री शर्मा ने बताया कि इस विशेष गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 5, शयनयान श्रेणी के 8, साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 तथा जीएसएलआरडी के 2 कोच सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व आरक्षण एवं समय-सारिणी की जानकारी सुनिश्चित कर लें।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चंद रुपयों के लालच में सगी ताई की भतीजे ने की निर्मम हत्या

- 72 घंटे के भीतर हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- साथ बैठकर खाया खाना उसके बाद मफलर से गला और मुंह दबाकर कर दी हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ऊधमसिंहनगर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के कुशल निर्देशन में खटीमा क्षेत्र की देवभूमि धर्मशाला कॉलोनी में हुई बुजुर्ग महिला की हत्या का मात्र 72 घंटे के भीतर सफल अनावरण कर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई का परिचय दिया है। मृतका का सगा भतीजा ही इस हत्याकांड का कातिल निकला।

बीते बुधवार की देर रात्रि 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई कि सितारगंज देवभूमि धर्मशाला कॉलोनी के एक मकान में एक वृद्ध महिला जानकी चंद का शव खून से लतपथ पड़ा है। वहीं उच्च अधिकारियों को सूचित कर पुलिस द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया। इसके पश्चात फील्ड यूनिट व आर एफएसएल कुमाऊं यूनिट द्वारा फिंगरप्रिंट व महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए। वहीं मृतका के पुत्र की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया और एसएसपी अजय गणपति द्वारा विभिन्न टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा गहन छानबीन की गई तथा लगभग 60-70 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद डिग्री कॉलेज रोड आदर्श कॉलोनी निवासी मृतका के सगे भतीजे रवि चंद पुत्र स्वर्गीय जगदीश चंद का नाम प्रकाश में आया। वहीं मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शनिवार को अभियुक्त रवि चंद को झनकट से गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस द्वारा अभियुक्त से सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि हरियाणा के नांगल कस्बे की एक फैक्ट्री में वह मजदूरी करता है। पूछताछ में उसने बताया कि बीते सोमवार को वह अपनी ताई को बैंक लेकर गया जहां ताई ने बैंक से कुछ पैसे निकाले। अभियुक्त को पैसों की सख्त जरूरत थी। इसलिए बीते मंगलवार को वह मफलर से मुंह ढक कर अपनी ताई के घर गया और उसके साथ खाना खाया। इसके बाद मौका पाकर पीछे से अपनी ताई का मफलर से मुंह और गला दबाया जिसके बाद वह फर्श पर गिर गई और उसके नाक और मुंह से खून आने लगा।

इसके पश्चात अलमारी से पर्स निकाला, जिसमें अन्य सामान थे। वहीं किसी को शक ना हो इसलिए अभियुक्त ने मकान के बाहर ग्रिल पर ताला लगाकर तथा दरवाजे की कुंडी लगाकर फरार हो गया। वहीं पुलिस द्वारा उसकी निशानदेही पर घटना से संबंधित माल बरामद की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में खटीमा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल, उप निरीक्षक अशोक कांडपाल, किशोर पंत,जीवन चुफाल, ललित बिष्ट, भूपेंद्र रंसवाल, भुवन गहतोड़ी, कांस्टेबल मोहन बोरा, कमल पाल तथा नवीन खोलिया आदि शामिल रहे।

## दानिश को हत्या के जुर्म में चार वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा एफआईआर संख्या 150 / 22 धारा 307 आईपीसी बनाम दानिश पुत्र अब्दुल वाहिद ग्राम कनोरी बाजपुर उधम सिंह नगर में पुलिस व अभियोजन की ठोस पैरवी। रमजान के माह में अपनी पत्नी को चाकू से गोद कर मौत के घाट उतार दिया था तथा विवेचक एसएसआई विक्रम धामी द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही में ठोस व पुख्ता साक्ष्य संकलित किए जाने के कारण मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त दानिश को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश काशीपुर द्वारा 20.02.26 को दानिश उपरोक्त को अंतर्गत धारा 307 आईपीसी में दोषसिद्ध करते हुए 4 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रुपये अर्थदण्ड का निर्णय दिया गया है।

## अवैध तमंचों के साथ दो को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शुक्रवार साप्ताहिक बाजार में मारपीट करने और तमंचे लहराकर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक 12 बोर और एक 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार 20 फरवरी की शाम डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मैट्रोपोलिस मॉल के पीछे साप्ताहिक शुक्रवार बाजार में कुछ लोगों ने दुकानों के सामने झगड़ा किया है और उनके पास बंदूक भी है। सूचना पर उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट और उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्धों की तलाश शुरू की। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मारपीट करने वाले दो युवक धर्मपुर फ्लाईओवर के पास खड़े हैं और उनके पास वही हथियार भी मौजूद हैं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए धर्मपुर फ्लाईओवर पर घेराबंदी की और भागने का प्रयास कर रहे दोनों युवकों को आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर विजयपाल पुत्र रामसरन, निवासी कृष्णा नगर गदरपुर के पास से एक 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ। वहीं, दूसरे आरोपी प्रेम कुमार साहनी पुत्र राम देव साहनी, निवासी डिबडिबा (बिलासपुर, रामपुर) के पास से एक 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आज उनकी मटकोटा के एक लड़के से लड़ाई हुई थी। उसे डराने और बाजार में दहशत फैलाने के लिए उन्होंने मॉल के पीछे दुकानों के सामने तमंचे लहराए थे। वे वहां अपने एक अन्य दोस्त का इंतजार कर रहे थे जो उन्हें मोटरसाइकिल से लेने आने वाला था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, दीपक बहुगुणा, कांस्टेबल कृष्णा टम्टा और किशन सिंह शामिल रहे।

## भानु प्रताप पब्लिक स्कूल की नई पहल

- वैश्विक मानकों पर प्रमाणित शिक्षक, डिजिटल व मानसिक स्वास्थ्य मॉडल लागू करने वाला बना अग्रणी संस्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिक्षा के बदलते स्वरूप और डिजिटल युग की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने एक सराहनीय और दूरदर्शी पहल की है। विद्यालय के प्राचार्य महेश चंद्रा के नेतृत्व में शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक प्रशिक्षण से जोड़ते हुए एक नया इतिहास रचा गया है।

इसी क्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अक्षय शर्मा ने विश्व की दो प्रतिष्ठित संस्थाओं UNESCO तथा UNICEF से सफलतापूर्वक ऑनलाइन प्रमाणन प्राप्त किया है। उन्होंने UNESCO से Digital Teacher Certificate तथा UNICEF से Mental Health and Psychosocial Support (MHPSS)" में विशेषज्ञता हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ भानु प्रताप पब्लिक स्कूल उन चुनिंदा शिक्षण संस्थानों में शामिल हो गया है, जो केवल पाठ्य ज्ञान ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मान. सिक स्वास्थ्य और डिजिटल साक्षरता पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, संवेदनशील और तकनीकी रूप से समृद्ध शिक्षण वातावरण सुनिश्चित करेगा। हमारा उद्देश्य सदैव विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं प्रदान करना रहा है।

य शर्मा द्वारा प्राप्त ये प्रमाणन विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था में सकारात्मक और प्रभावशाली परिवर्तन लाएंगे। अब हमारे विद्यालय परिसर में Certified Digital Teacher और Mental Health Support Expert की सुविधा उपलब्ध है।

## राहगीर से मारपीट कर नगदी और मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** गांधी पार्क के पास एक अज्ञात बदमाश ने राहगीर के साथ मारपीट कर मोबाइल और नकदी छीन ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, यक्षेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह, निवासी चुकटी देवरिया, थाना किच्छा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे गांधी पार्क के सामने मेन रोड पर हिना ट्रैवल्स से अपने एक परिचित राजेंद्र कुमार से मिलकर पैदल त्रिशूल चौक की ओर जा रहा था। पीड़ित के मुता. बिक, जब वह त्रिशूल चौक से लगभग 100-150 मीटर पहले पहुंचा, तभी पीछे से तेजी से आए एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे दबोच लिया। बदमाश ने उसे सड़क के बाईं ओर नाली में फेंक दिया और उसके पास मौजूद मोटोरोला एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा 4,000 रुपये नकद छीनकर मौके से फरार हो गया।

लूटे गए मोबाइल फोन में जियो का सिम लगा हुआ था। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर कंप्यूटर में शब्द दर शब्द प्रविष्टि अंकित कर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## बिन्दुखत्ता की तर्ज पर कैबिनेट में बग्गा 54 सहित अन्य वन ग्रामों की समस्या पर भी चर्चा हो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम पंचायत सरपुडा बग्गा 54 के ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर वन ग्रामों में रहने वाले परिवारों को मालिका अधिकार दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में 2018 के विधायकी कार्यकाल के दौरान ग्राम बग्घा को राजस्व ग्राम बनाने संबंधित भेजे गए प्रस्ताव का भी स्मरण कराया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजकर बिन्दु खत्ता, बग्गा 54, सुन्दर खाल, पुनछड़ी, मानधन चौड़ आदि ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाए जाने की अपेक्षा की है। ज्ञापन में माननीय सर्वोच्च न्यायालय से उक्त ग्राम का विषय समाप्त होने की जानकारी देते हुए मामले को सरकार की नीतियों पर निर्भर बताया गया है। वर्ष 2007 में इस विषय पर भूमि नोडल अधिकारी द्वारा यह स्वीकार किया गया है कि ग्राम बिन्दु खत्ता, बग्गा, सुन्दर खाल, पनछड़ी, मानधन चौड़ राजस्व ग्राम बनाए जाने की उम्मीद थी। लेकिन पूर्व की सरकारों द्वारा इस विषय पर कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण यह विषय अभी तक लंबित है। ग्राम प्रधान सरपुड़ा 54 सहित उत्तराखंड वन ग्राम वासियों ने वनाधिकार अधिनियम के तहत या मलिन बस्ती अधिनियम 2016 के तहत दिनांक 25/02/2026 को होने वाली कैबिनेट बैठक में बिन्दु खत्ता के साथ ही बग्गाख्र 54 को भी सम्मलित करने की मांग की है। बिन्दु खत्ता के साथ ही बग्गाख्र 54 के 1014 परिवारों को भी मालिकाना हक मिल सकता है। ज्ञापन देने वालों में रमेश लाल ग्राम प्रधान, धर्म सिंह दसोनी, मोहन सिंह चुफाल, नन्दन सिंह परिहार, प्रकाश को. हली, आलम सिंह रावत, वीरेन्द्र राय, गंभीर सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को बरहैंनी निवासी कृष्णा देवी (60 वर्ष), पत्नी सुखराम सिंह, सड़क पर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें उपचार के लिए बाजपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें काशीपुर रेफर कर दिया। काशीपुर में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने कृष्णा देवी को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## मानसून से पहले पूरा हो लेवड़ा पुल निर्माण

- इंदिरा कॉलोनी के लोगों ने एसडीएम से की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य में देरी को लेकर इंदिरा कॉलोनी के लोगों में आक्रोश देखने को मिला। उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में शनिवार को स्थानीय लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की।

अनिल वाल्मीकि ने कहा कि लेवड़ा पुल का निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। जून माह में मानसून आने वाला है और यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों को फिर से बाढ़ की समस्या झेलनी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुल निर्माण के बीच में आ रहे पीपल के पेड़ को हटाने के लिए शासन से अनुमति मिल चुकी है, लेकिन कुछ लोग इसे मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहे हैं और पेड़ हटाने का विरोध करते हुए धमकियां दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अस्थाई पुल की दीवार गिर चुकी है, जिसके ऊपर से रात के समय भारी लोडेड वाहन गुजर रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दीवार क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दीवार को जल्द दुरुस्त कराया जाए और बाहरी भारी वाहनों पर अंकुश लगाया जाए। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता नेहा शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। विभाग की ओर से शासन से प्राप्त एनओसी एवं अनुमति के आधार पर पुल के बीच आ रहे पीपल के पेड़ को जेस. ीबी के माध्यम से हटाने की कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि पेड़ हटते ही निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुल निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले पुल निर्माण कार्य पूर्ण करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्रवासियों को बाढ़ की समस्या से राहत मिल सके। इस मौके पर पहलवान सूरज यादव, मतलूब मसीह, जाफर अली सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## गदरपुर में साइबर अपराधियों पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

- छत्तीसगढ़ टीम संग कई स्थानों पर दी दबिश
- 1.5 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा
- संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली गदरपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

आज शनिवार 21 फरवरी 2026 को छत्तीसगढ़ प्रदेश के निरीक्षक राजीव तिवारी (तैनाती अम्बागढ़ चौकी, जिला मोहला-मानपुर) के नेतृत्व में पुलिस टीम गदरपुर पहुंची। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक बाजपुर के पर्यवेक्षण में कोतवाली गदरपुर से आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराया गया। इसके बाद संयुक्त टीम ने वांछित आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान सनातन मंडल पुत्र स्व. चित. रंजन मंडल निवासी रजपुरा नं.-2, बंगाली कॉलोनी, चौकी सकैनिया, गदरपुर (जनपद उधमसिंह नगर) को सकैनिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

वहीं दूसरे अभियुक्त योगेन्द्र सिंह पुत्र शंकर लाल निवासी दुर्गा मंदिर वार्ड नं.-04, दिनेशपुर (जनपद उधमसिंह नगर) को थाना दिनेशपुर के सहयोग से दिनेशपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना अम्बागढ़ चौकी, जिला मोहला-मानपुर, छत्तीसगढ़ में धारा 318(4)/317(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड हेतु न्यायालय में पेश किया है। आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस प्रकार के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## संदिग्ध परिस्थितियों में हाथी की मौत, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पीपलपड़ाव रेंज क्षेत्र में एक हाथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई।

स्थानीय लोगों ने जंगल क्षेत्र में एक हाथी को मृत अवस्था में पड़े देखा, जिसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथी की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## एक नजर

### भाईचारे का पैगाम देता है रोजा और इबादत का महीना: नाजिर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** पवित्र माह रमजान के अवसर पर गदरपुर वार्ड नंबर 10 के सभासद प्रतिनिधि नाजिर ने कहा कि रमजान का महीना सब्र, रहमत और बरकत का पैगाम लेकर आता है। यह महीना हमें रोजा रखकर आत्मसंयम और इबादत के जरिए अल्लाह की रहमत हासिल करने की सीख देता है।

नाजिर ने कहा कि रमजान के दौरान लोग नमाज, तिलावत और दुआओं के माध्यम से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और नेक रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि इस पाक महीने में आपसी भाईचारा, मोहब्बत और सौहार्द बनाए रखें। रमजान हमें जरूरतमंदों की मदद करने और जकात व सदका देकर समाज में बराबरी और इंसा. नियत का संदेश फैलाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 10 में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि रोजेदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अंत में उन्होंने क्षेत्र की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआ की।

### माह-ए-रमजान की आमद पर अम्न व रहमत की दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी शकील अहमद ने माह-ए-रमजान पर अपने पैगाम में उन्होंने कहा कि रमजानुल मुबारक रहमत, मगफिरत और निजात का मुकद्दस महीना है, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास करम फरमाता है। यह महीना सब्र, शुक्र और इबादत के जरिए अपनी रूह को पाक करने का बेहतरीन मौका देता है।

उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को तकवा, परहेजगारी और एहसास-ए-जिम्मेदारी की तालीम देता है। इस माह-ए-मुबारक में जरूरतमंदों की इमदाद, सदकघ-ओ-खैरात और जकात अदा करने की खास अहमियत है। शकील अहमद ने अवाम से अपील की कि वे रमजान के मुकद्दस दिनों में इत्तेहाद, भाईचारे और अम्न-ओ-अमान को फरोग दें तथा मुल्क की तरकघ्कघ्ी व खुशहाली के लिए दुआ करें। उन्होंने कहा कि तरावीह, तिलावत-ए-कुरआन और इफ्तार के मौके पर एक-दूसरे का ख्याल रखना इस महीने की रूह है। आखिर में उन्होंने दुआ की कि अल्लाह रब्बुल इज्जत हम सबकी इबादतों को कबूल फरमाए और मुल्क में अम्न-ओ-सलामती कायम रहे।

### राज्य हज समिति के चौथी बार चेयरमैन बने हाजी खतीब अहमद

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति के चेयरमैन पद पर मुख्यमंत्री ने हाजी खतीब अहमद को फिर से जिम्मेदारी सौंपी है। उनका यह चौथा कार्यकाल रहेगा। उन्होंने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया।

सितारगंज निवासी हाजी खतीब अहमद पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, त्रिवेंद्र सिंह रावत के समय एक-एक बार एवं वर्तमान मुख्यमंत्री के कार्यकाल में दूसरी बार चेयरमैन नियुक्त हुए हैं। इसके अलावा वह उत्तराखंड मदरसा बोर्ड (टास्क फोर्स) एवं आईटीआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा आदि प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया। कहा कि वर्ष 2026 के यात्रियों को असुविधा न हो, इसके लिए विशेष तैयारी की जाएगी। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी, हज समिति के ईओ मो.आरिफ, मो. अहसान, अब्दुल कादिर आदि ने उन्हें बधाई दी।

### भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत (बिट्टू चौहान) के नेतृत्व में एक जोरदार एवं पूर्णतः अनुशासित विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन राष्ट्र एवं प्रदेश की गरिमा के विरुद्ध की जा रही गतिविधियों के विरोध में किया गया।

कार्यक्रम गाबा चौक, रुद्रपुर में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एकत्रित हुए और राष्ट्रहित में अपनी आवाज बुलंद की। कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण एवं लो. कतांत्रिक तरीके से नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत ने अपने संबोधन में कहा कि देश आज विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे समय में जब विश्व के विभिन्न देशों से विदेशी मेहमान भारत आए हुए थे, उसी दौरान दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किए गए, जिन्हें उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, किंतु देश की अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी का पुतला भी दहन किया गया और विरोध दर्ज कराया गया। यहां जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, आदेश भारद्वाज, अशोक नेगी, जय प्रताप भंडारी, विशाल सिंह, अभिषेक, रचित, केके त्रिपाठी, मनीष गोस्वामी, नवजोत सिंह सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कच्ची शराब के साथ दो शराब तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर अजय गणपति द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 121 पाउच कच्ची शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार 20/02/2026 हल्का इंचार्ज एसआई हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान अभियुक्त सोनू सिंह पुत्र रतन सिंह निवासी तुमड़िया डाम जसपुर को थाना क्षेत्र अंतर्गत से एक पीले रंग के कट्टे में 61 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। वहीं नादेही चौकी इंचार्ज एसआई संतोष देवरानी द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान अभियुक्त नरेन्द्र सिंह पुत्र मुरारी सिंह निवासी महुवाडाबरा जसपुर को नादेही चौकी क्षेत्र से एक सफेद रंग के कट्टे में 60 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई संतोष देवरानी, एसआई हरीशआर्य, का. दीपक जलाल, अशोक पंवार, विपिन चन्द्र आदि शामिल रहे।

# 95 किमी डाउनहिल साइकलिंग से गूंजा चम्पावत

- सरस कॉर्बेट महोत्सव में साहसिक पर्यटन को नई उड़ान
- जिलाधिकारी मनीष कुमार की पहल पर आईटीबीपी व जिला प्रशासन का संयुक्त अभियान
- कमांडेंट संजय कुमार व डीटीओ लता बिष्ट ने दिखाई हरी झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** चम्पावत में इस वर्ष आयोजित सरस कॉर्बेट महोत्सव को जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में नया स्वरूप और नई पहचान मिल रही है। 'क्विक एक्शन, क्विक डिसीजन' और नवाचार के लिए पहचाने जाने वाले जिलाधिकारी की पहल पर जिले में पर्यटन और साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं।

इसी क्रम में आज शनिवार को 95 किलोमीटर लंबी डाउनहिल साइकलिंग एवं चुका से खिरद्वारी तक माउंटेन हिल बाइकिंग अभियान का आयोजन किया गया। आइटीबीपी की 36वीं वाहिनी परिसर से कमांडेंट संजय कुमार और जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के दौरान बनलेख, अमोड़ी, चल्थी धनुष पुल, सूखीढांग, किरोड़ा और टनकपुर स्टेडियम में फीडिंग प्वाइंट बनाए गए हैं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस साहसिक यात्रा में आईटीबीपी के 15 जवानों के साथ पिथौरागढ़ और चम्पावत के 10 युवा भी शामिल हुए, जिससे युवाओं में रोमांच और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। शुभारंभ अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी बेगराज मीणा, सहायक सेनानी अनिल कुमार, मनमोहन, प्रिंस दत्ता, डॉ. फिलिप, डॉ. शुभम मोहनपुरिया, एसएम दिनेश बिष्ट, इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा, सुखबीर सिंह और मनोज परिकर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

कमांडेंट संजय कुमार ने कहा कि आईटीबीपी सदैव जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन से देर रात सूचना मिलने के बावजूद जवान सुबह पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ तैयार मिले, जो बल की तत्परता और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मॉडल जिले में पर्यटन विकास, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियानों में आईटीबीपी की सक्रिय भागीदारी रही है। जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित सरस कॉर्बेट महोत्सव मॉडल जिले में साहसिक पर्यटन के नए द्वार खोल रहा है। ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि जिले की प्राकृतिक सुंदरता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## चरस तस्करी में वांछित अभियुक्त दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा नशा तस्करी में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर महोदय, व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में पुलिस द्वारा चरस तस्करी में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार 02/12/2025 को जसपुर पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान चांस रिकव. री में पतरामपुर फ्लाइओवर के पास लिंक रोड से अभियुक्त अंग्रेज सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी चम्पतपुर चकला थाना बडापुर जनपद बिजनौर को 01 किलो 251 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त अंग्रेज सिंह को जेल भेजा गया था। अंग्रेज सिंह ने स्वीकार किया था कि उससे बरामद चरस उसके साथी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी हाजी मोहम्मदपुर कोटकादर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर ने उसे जसपुर में बेचने के लिए दी थी। विवेचक एसआई गो. विंद सिंह मेहता द्वारा साक्ष्य के आधार पर धर्मेंद्र को विवेचना में वांछित कर लगातार प्रयासरत रहते हुए गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की गई।वांछित अभियुक्त धर्मेंद्र को मुखबिर की सूचना पर नगीना देहात जनपद बिजनौर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए उप जिला कारागार हल्द्वानी निरुद्ध कराया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी ,व.उ.नि. जावेद मलिक, एसआई गोविंद सिंह मेहता, हे.का. शैलेंद्र सिंह,का. विक्रम सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### रमजान में बिजली, पानी व सुरक्षा की मांग को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड उलेमा कौन्सिल एवं मुस्लिम समाज के एक प्रति. निधि मण्डल ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधिक्षक से मुलाकात कर मांगों को लेकर एक पत्र सौंपा।



उलेमा कौन्सिल के अध्यक्ष मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने बताया कि माहे रमजान शुरू हो गए हैं। यह पर्व मुस्लिम समाज के लिए बहुत अकीकदमंद और अपने खुदा की इबादत करने का दिन है। उन्होंने मांग की कि इस माहे रमजान के चलते नगर में बिजली की कटौती बंद की जाए। पानी आने के वक्त सुबह-शाम एक एक घंटे का इजाफा किया जाए। पूरे शहर में मुस्लिम बस्तियों और विशेष तौर पर मस्जिदों के आस पास सफाई अभियान चलाया जाए। पूरे नगर भर में निगम द्वारा संचालित स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई जाए। प्रतिनिधि मण्डल में मुफ्ती दानिश मिस्बाही, इरशाद अंसारी, हाजी रईश खान, मो. आरिफ, साहिब खान, हाजी खुर्शीद, तालिब खान, छोटू भाई, फैजल रजा आदि थे।

### वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** रूट्स ग्लोबल स्कूल और शैमरॉक अर्ली बड्स का द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य आयोजन रुट्स ग्लोबल स्कूल भवानीपुर खुल्वे पीरूमदारा रामनगर में किया गया। नन्हें खिलाड़ियों से विभिन्न खेलों में अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का निशानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक समन्वयक समन्वयक रामनगर मनोज तिवारी, ग्राम प्रधान विक्रम सिंह नेगी और राजेन्द्र सिंह गुसांई द्वारा रिबन काटकर और मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया गया। प्रतिभागियों के दौरान छात्रों को विभिन्न सदनों में विभाजित कर छात्रों का शत-प्रतिशत प्रतिभाग कराया गया। दौड़ प्रतियोगिता 50,80, 100 और 200 मीटर कराई गई।विद्यालय की निदेशक निधि लिंगवाल, मनीष, प्रधानाचार्य रुचि मनराल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन हेतु भट्ट को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज खटीमा में शनिवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भैरव दत्त भट्ट को अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कुश्ती राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयन पर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 26 से 28 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश में आयोजित की जाएगी जिसमें वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करेंगे।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने सम्मानित कर बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धियां पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं। समारोह में विवेक जोशी, शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेंद्र सिंह रौतेला, के.डी. जोशी, अजय कुमार अवस्थी, ममता चौहान, महेंद्र सिंह धामी, मेवा राम, ललित जोशी, मनीषा कल्पासी, मीनू खेतवाल, प्रमोद सिंह राणा, नरेंद्र दिगारी, नवीन चंद उपाध्याय, रमेश लाल कालाकोटी, डॉ. बी.डी. पंत, नम्रता तिवारी, हरीश सिंह, नवीन जोशी सहित विद्यालय के छात्रा एंव गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### शिविर में डीएम ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड विण की न्याय पंचायत बास्ते में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों को बैज अलंकरण एवं अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर में अध्यक्ष जिला पंचायत जितेंद्र प्रसाद, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोरा, वीरेंद्र बोरा, जिला पंचायत सदस्य भावना लोहिया सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। जनसुनवाई कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा विभिन्न समस्याएं, सुझाव एवं जनहित से जुड़े विषय जिलाधिकारी के समक्ष रखे गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

### बरहैंनी जंगल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई नौ हजार लीटर अवैध लाहन किया नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बरहैंनी जंगल क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 9 हजार लीटर अवैध लाहन नष्ट कर दिया। चौकी प्रभारी बरहनी संदीप शर्मा ने कांस्टेबल सुरेश बिष्ट के साथ जंगल क्षेत्र में सघन चेकिंग एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान जंगल में अवैध शराब निर्माण के उद्देश्य से तैयार किया गया लगभग 9 हजार लीटर लाहन बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर ही लाहन को नष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर प्रभावी रोकथाम के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### राहगीर से मारपीट कर नगदी और मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** यक्षेन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह, निवासी चुकटी देवरिया, थाना किच्छा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे गांधी पार्क के सामने मेन रोड पर हिना ट्रैवल्स से अपने एक परिचित राजेंद्र कुमार से मिलकर पैदल त्रिशूल चौक की ओर जा रहा था। पीड़ित के मुताबिक, जब वह त्रिशूल चौक से लगभग 100-150 मीटर पहले पहुंचा, तभी पीछे से तेजी से आए एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे दबोच लिया। बदमाश ने उसे सड़क के बाईं ओर नाली में फेंक दिया और उसके पास मौजूद मोटोरोला एंड्रॉइड मोबाइल फोन तथा 4,000 रुपये नकद छीनकर मौके से फरार हो गया। लूटे गए मोबाइल फोन में जियो का सिम लगा हुआ था। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली के हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर कंप्यूटर में शब्द दर शब्द प्रविष्टि अंकित कर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** शुक्रवार को बरहैंनी निवासी कृष्णा देवी (60 वर्ष), पत्नी सुखराम सिंह, सड़क पर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें उपचार के लिए बाजपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें काशीपुर रेफर कर दिया। काशीपुर में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने कृष्णा देवी को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और बाइक सवार की तलाश की जा रही है।

## समस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** न्याय पंचायत बास्ते के पंचायत घर, बास्ते (विकास खण्ड पिथौरागढ़) में शिविर का आयोजन जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल स्थापित कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करते हुए उन्हें मौके पर ही लाभान्वित किया गया। यहां गणेश भण्डारी, जीतेन्द्र प्रसाद, गिरीश जोशी , दीपिका बोहरा सहित अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 330 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा 453 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

# सिक्स सिग्मा में हुआ नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में एक दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा, संस्कृति और शविकसित भारतश के लक्ष्य पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए।



इस कार्यक्रम का शुभारंभ सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के प्रबंधक समिति के प्रबंध निदेशक रुद्रपुर विधायक सीए शिव अरोरा, अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा , ज्योति ग्रोवर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डाबर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर शौर्य अरोरा एवं सभी विशेषज्ञ अतिथियों, संयोजक ललित सिंह बिष्ट, सहसंयोजक प्रकाश पंत, विवेक त्रिवेदी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम का संचालन रजत धवन एवं दीपिका देउपा द्वारा किया गया। इस कांफ्रेंस में 6 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ एवं 650 से अधिक छात्र-छात्रा एवं प्रति. निधि सम्मिलित हुए। इस कांफ्रेंस में 33 संस्थानों ने प्रतिभाग किया। इस कांफ्रेंस में फार्मेसी, नर्सिंग, एग्रीकल्चर, पैरामेडिकल, मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं में प्रतिभाग किया। कॉन्फ्रेंस में ऑफलाइन और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से दुनियाभर के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और शोध साझा किए। मुख्य वक्ता डॉक्टर शिवेंद्र के. कश्यप ने भारतीय ज्ञान प्रणाली और भारतीय जनसांख्यिकी, भारत 2047 के स्थायी स्तंभ के बारे में बताया। उसी क्रम में विशेषज्ञ डा. अनु मांगयल, डॉ ए. के. उपाध्याय विक्रम सहदेव सिंह, डॉ. कुमुद उपाध्याय, डा. पवनप्रीत, डा. मनदीप सिंह ने विक. सित भारत /2047 कृषि फार्मेसी नर्सिंग तकनीकी में होने वाले विकास और योगदान के बारे में विस्तार रूप से चर्चा की।

कॉन्फ्रेंस में 105 रिसर्च पेपर, 18 पोस्टर और 6 मौखिक प्रस्तुति प्रस्तुत किए गए एवं प्रतिनिधियो को पुरुस्कृत किया, जिसमे पोस्टर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर सिक्स सिगमा के संजना और सृष्टि (बी. फार्मा तृतीय वर्ष) एवं मौखिक प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति कुमाऊं यूनिवर्सिटी की गरिमा ( एम. फार्मा द्वितीय वर्ष) को दिया गया।

इस कांफ्रेंस में अनेक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। यहां संस्थान के उप प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सी.ए.ओ. अनुभव बठला, सचिव रजत धवन, आलिया नाज, डॉ. सुप्रीत कौर, डॉ. अक्षिता बांगा, सोनिया नारंग, साहिल छाबड़ा, रोहित सिंह पडियार, शिवम शर्मा, ललित भट्ट, प्रियरंजन तिवारी, नीता कोरंगा, शिल्पा विश्वकर्मा, नेहा सागर, हिमानी सामंत , गीता आर्या, चंदन सिंह , मनमीत सिंह एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# स्टार नाइट में झूमा टनकपुर, सुरों की बरसात में भीगा पूरा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** टनकपुर में आयोजित चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026 के तीसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या यादगार बन गई। लोक संस्कृति, आधुनिक संगीत और जनसैलाब का ऐसा संगम देखने को मिला जिसने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुमाऊँ की सुप्रसिद्ध लोक कलाकार बेबी प्रियंका की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ। मंच पर कदम रखते ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। कुमाऊँनी लोकधुनों ने माहौल को पारंपरिक रंगों से सराबोर कर दिया।



इसके बाद युवा और ऊर्जावान गायक इंदर आर्या ने अपनी जोशीली आवाज से समां बांध दिया। "चूड़ी तेरा हाथ में", "राइफल मेरी कानी मा" और "लुणा रोटी खून" जैसे सुपरहिट गीतों पर दर्शक अपनी सीटों पर टिक नहीं पाए और पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। शाम की सबसे धमाकेदार प्रस्तुति रही श्वेता महारा की। जैसे ही वह मंच पर आईं, पूरा मैदान रोशनी और ऊर्जा से जगमगा उठा। कुमाऊंनी के साथ हरियाणवी और भोजपुरी गीतों की शानदार श्रृंखला ने कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी उनके साथ थिरकते नजर आए। मोबाइल फ्लैशलाइट की चमक, हजारों दर्शकों की भीड़ और लगातार बजती तालियों ने तीसरे दिन की इस स्टार नाइट को ऐतिहासिक बना दिया। देर रात तक टनकपुर सुरों की लहरियों से झंकृत होता रहा। पारंपरिक परिधानों और स्थानीय बोली के गीतों ने दर्शकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। यह संध्या उत्साह, ऊर्जा और लोकगौरव का अद्भुत संगम बन गई।

# लिटिल किंगडम स्कूल में 'हैप्पी हार्ट्स' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटिल किंगडम प्रिपेटरी स्कूल में 'हैप्पी हार्ट्स' कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छोटे स्वर्गदूतों, उनके माता-पिता और दादा-दादी को एक साथ लाया गया। प्लेग्रुप (लिली और ब्लू बेल्स) के हमारे प्यारे नन्हे-मुन्नों ने एक ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने वहां मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके आकर्षक भाव और संक्रामक ऊर्जा ने एक स्थायी छाप छोड़ी, जिससे यह साबित हुआ कि सबसे छोटे बच्चे भी मंच पर चमक सकते हैं। सुंदर नृत्यों, मनोरंजक कहानियों, कविताओं और अभिनय ने वहां मौजूद सभी का दिल जीत लिया।





कार्यक्रम की वाइस प्रिंसिपल सिमरन पुरी के सजावटी विचारों की भी प्रत्येक माता-पिता ने सराहना की। नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने शिरकत की, जो बच्चों के प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से प्रभावित हुईं। स्कूल की प्रिंसिपल गायत्री खन्ना ने सभी का स्वागत किया और एक गर्मजोशीपूर्ण और समावेशी माहौल तैयार किया। समन्वयक लक्ष्य शर्मा ने माता-पिता, शिक्षकों और बच्चों के बीच एक सहयोग के रूप में कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया, स्कूल की एक पोषण वातावरण प्रदान करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को ष्णीली मिट्टीष के रूप में उपयुक्त रूप से वर्णित किया, स्कूल की उनके भविष्य को आकार देने में भूमिका पर जोर दिया। वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी ने माता-पिता के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

## भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में एआई इम्पेक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई अराजकता एवं देश की छवि धूमिल करने के प्रयास के विरोध में शहीद स्मारक से लखनपुर चुंगी तक मार्च निकालकर लखनपुर चुंगी पर कांग्रेस का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा चन्दन सिंह बिष्ट ने कहा कि जब देश वैश्विक मंच पर तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है, तब इस प्रकार का अव्यवस्थित और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में व्यवधान डालना न केवल लो. कतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि इससे देश की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुंचता है। इस दौरान भूपेंद्र सिंह खाती , घनश्याम शर्मा , आकाश आर्या, अर्जुन रावत, नवीन करगेती , शलभ मित्तल , मदन जोशी , सत्यप्रकाश शर्मा , कपिल रावत, यतिन रोतेला, रोहित मेहरा, मनोज पाण्डेय, अनवर मलिक, नितेश शर्मा, रोहित बिष्टानिया, आकाश कश्यप, कंचन पांडेय, आशीष मेहरा, हिमांशु, विक्की, आकाश, संजीव सैनी, आशीष ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## 635 छात्र-छात्राएं रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड की पहली परीक्षा कला यानी पेंटिंग में 635 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे हैं। शनिवार को बोर्ड के उप सचिव सुषमा गौरव ने बताया कि बोर्ड की पहली परीक्षा 1261 केंद्रों में इंटरमीडिएट की पेंटिंग कराई गई। बताया कि परीक्षा के लिए 12252 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए थे। परीक्षा में 11617 उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि सोमवार को हाईस्कूल में म्यूजिक व टाइपिंग और इंटरमीडिएट में हिंदी व कृषि हिंदी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। उत्तराखंड विद्यालयी परिषद के कार्यालय में बनाए कंट्रोल रूप से पल-पल की जानकारी रखी जा रही है।

## गुरुद्वारा नानकसर ठाठ में तीन दिवसीय समागम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला में संत महापुरुषों की पावन स्मृति में विशाल गुरमत समागम का श्रद्धापूर्वक शनिवार को आयोजन किया गया। समागम नानकसर संप्रदाय के संत बाबा नंद सिंह जी, बाबा ईश्वर सिंह जी एवं धन-धन बाबा कुंदन सिंह की याद में आयोजित हुआ, जिसमें संगत की भारी उपस्थिति रही।

तीन दिवसीय समागम का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ। समागम के दौरान सिख पंथ के प्रख्यात कथा वाचक एवं कीर्तनकारों ने गुरबाणी विचार और संत महापुरुषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संगत को आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह द्वारा आए हुए संत महापुरुषों प्रचारक जत्थों व सेवादारों को सम्मानित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। समागम में एसजीपीसी के प्रतिनिधि प्रताप सिंह, बाबा करनैल सिंह, महंत श्याम सुंदर शास्त्री, बाबा त्रिलोचन सिंह भाई ,अनमोल सिंह, बाबा शिंदा सिंह राजी, राजेंद्र सिंह आदि थे।


















